JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/11/412–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 07.11.2024

राजस्थान लेखा सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने जयपुर मेट्रो का भ्रमण किया।

जयपुर 07 नवम्बर। राजस्थान लेखा सेवा–2024 बैच के प्रशिक्षुओ अधिकारियों के दल ने जयपुर मेट्रो डिपो व मेट्रो स्टेशनों का भ्रमण किया। प्रशिक्षु अधिकारियों के दल को प्रशासनिक भवन स्थित बैठक कक्ष में जयपुर मेट्रो के वित्तीय प्रबंधन, परियोजना एवं परिचालन की सम्पूर्ण जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी गई। इस दौरान जयपुर मेट्रो के निदेशक वित्त श्री हरीश लड्ढा उपस्थित रहे। प्रशिक्षुओं ने वित्तीय प्रबंधन एवं विभिन्न मुद्दो पर निदेशक वित्त से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

दल ने मेट्रो के मानसरोवर डिपो स्थित परिचालन नियंत्रण कक्ष, डिपो नियंत्रण कक्ष एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष की तकनीकी कार्य प्रणाली के साथ–साथ मेट्रो के सिग्नल, टाईम टेबल तथा छोटी चौपड़ स्थित ऑर्ट गैलेरी में पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने आदि की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के अन्त में प्रशिक्षु दल ने जयपुर मेट्रो के निर्माण एवं संचालन प्रक्रिया की सराहना करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया, निदेशक वित्त श्री हरीश लड्ढा एवं जयपुर मेट्रो की संपूर्ण टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो